>

Title: Need to prevent the cranes from extinction.

**श्री प्रेमदास (इटावा):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि पर्यावरण प्रदूषण एक भयंकर समस्या बनती जा रही है। प्रकृति ने हर जीव-जन्तु और पक्षियों को पर्यावरण में सहयोग करने का दायित्व दिया है। आज हमारे देश में गिद्ध दिखाई नहीं देते हैं। सम्पूर्ण गिद्ध जाति समाप्त हो गई और तमाम ऐसी प्रजातियां हैं, जो समाप्त होती जा रही हैं। अगर इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में हमारे देश के पर्यावरण के लिए अच्छा नहीं होगा।

महोदय, हमारे जिले इटावा में सरसईनावर के नाम से एक झील जानी जाती है, जो कि चार जिलों - इटावा, मैनपुरी, कन्नौज और औरैया को जोड़ती है। इस झील में सारस प्रजाति का पक्षी पाया जाता है, जिनकी संख्या पूरे देश में यहां सबसे ज्यादा है। मेरी मांग है कि सरसईनावर झील को एक सैंक्चूरी घोषित किया जाए और इसे विशेष पैकेज दिया जाए ताकि पर्यावरण की समस्या का निदान हो सके। इसके ऊपर पर्यावरण विभाग और सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है।

**श्री जगदीश शर्मा (जहानाबाद):** सभापति जी, अगर आपकी अनुमति हो, तो मैं यहां से बोल लूं।

**सभापति महोदय :** ठीक है।